भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

राज्य सभा
तारांकित प्रश्न सं. 238
10.08.2026 को उत्तर देने के लिए

रोजगार, बेरोजगारी, श्रम बल भागीदारी दर और कामगार जनसंख्या अनुपात

238. श्री अब्दुल वहाबः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार, नवीनतम आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आधार पर रोजगार, बेरोजगारी, श्रम बल भागीदारी दर और कामगार जनसंख्या अनुपात का राज्य-वार, जिला-वार और राष्ट्रीय ब्यौरा प्रस्तुत करेगी;

(ख) सरकार (समूह ए, बी, सी तथा डी), सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों, संगठित गैर-सरकारी क्षेत्र, सफेदपोश कर्मचारियों, कामगारों (ब्लू कॉलर), गिग तथा प्लेटफार्म श्रमिकों, स्वनियोजित, नैमित्तिक मजदूरों तथा अन्य अनौपचारिक व्यवसायों में नियोजित व्यक्तियों की श्रेणी-वार संख्या कितनी-कितनी है तथा राष्ट्रीय, राज्य तथा जिला स्तर पर औसत मासिक मजदूरी कितनी है; और

(ग) युवा और शिक्षित लोगों की बेरोजगारी का राज्य-वार ब्यौरा क्या है तथा देश भर में गुणवत्तापूर्ण रोजगार का सृजन करने तथा वेतन असमानता को कम करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री (राव इंद्रजीत सिंह)

(क) से (ग): एक विवरण सभा के पटल पर रख दिया गया है।

श्री अब्दुल वहाब द्वारा "रोजगारी,बेरोजगारी,श्रम बल भागीदारी दर और कामगार जनसंख्या अनुपात" के संबंध में पूछे गए दिनांक 10.08.2026 के राज्यसभा तारांकित प्रश्न संख्या 238 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क): आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस), 2025 की वार्षिक रिपोर्ट के आधार पर, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य स्थिति (पीएस+एसएस) में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर), श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) और बेरोजगारी दर (यूआर) के राज्यवार और अखिल भारतीय स्तर के अनुमान अनुबंध। में दिए गए हैं। तथापि, इन संकेतकों के जिला स्तरीय अनुमान पीएलएफएस की वार्षिक रिपोर्ट, 2025 में उपलब्ध नहीं हैं।

(ख): पीएलएफएस की वार्षिक रिपोर्ट, 2025 में सरकारी रोजगार (समूहवार), सफेदपोश कर्मचारियों, ब्लू-कॉलर, गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों में कार्यरत कर्मियों के अनुमान उपलब्ध नहीं हैं। तथापि, प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के लिए उद्यम प्रकार के अनुसार गैर-कृषि (एनआईसी-2008 के उद्योग प्रभाग 05-99) में सामान्यतः कार्यरत (पीएस+एसएस) व्यक्तियों का प्रतिशत वितरण अनुबंध II में दिया गया है। पीएलएफएस में, *स्वामित्व और साझेदारी उद्यमों* को अनौपचारिक क्षेत्र माना जाता है। इसके अतिरिक्त, रोजगार की तीन व्यापक श्रेणियों, अर्थात् स्वरोजगार; नियमित वेतनभोगी/वैतनिक रोजगार; और आकस्मिक श्रम के अंतर्गत आय से संबंधित राज्य-वार सूचना अनुबंध III में दी गई तालिका में उपलब्ध है।

(ग): पीएलएफएस 2025 से, सामान्य स्थिति के अनुसार युवाओं के लिए (पीएलएफएस में युवा के रूप में 15-29 वर्ष की आयु के व्यक्तियों को माना जाता है) बेरोजगारी दर (यूआर) (प्रतिशत में) के अनुमान अनुबंध IV में दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के लिए विभिन्न उच्चतम शिक्षा स्तरों को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य स्थिति (पीएस+एसएस) के अनुसार बेरोजगारी दर (यूआर) (प्रतिशत में) के अनुमान अनुबंध V में दिए गए हैं।

रोजगार सृजन के साथ-साथ रोजगार क्षमता में सुधार करना सरकार की प्राथमिकता है। तदनुसार, सरकार देश भर में विभिन्न रोजगार सृजन योजनाएं लागू कर रही है, जिनमें स्किल इंडिया मिशन (एसआईएम) भी शामिल है, जिसका उद्देश्य भारत के युवाओं को उद्योग से संबंधित कौशल सक्षम बनाकर भविष्य के लिए तैयार करना है। कार्यबल के बदलाव, पुनर्नियोजन और उभरती हुई रोजगार की भूमिकाओं के लिए तैयारी को बढ़ावा देने वाले कई राष्ट्रीय कार्यक्रमों के माध्यम से कौशल विकास और कौशल उन्नयन की पहल की जा रही है। ये कार्यक्रम कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) संचालित अर्थव्यवस्था में रोजगार सुनिश्चित करने के लिए संरचित कौशल विकास, डिजिटल साक्षरता और उन्नत प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

इसके अतिरिक्त, सरकार रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता में वृद्धि और सभी क्षेत्रों में सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना नामक रोजगार-आधारित प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) लागू कर रही है, जिसमें विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 99,446 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली इस योजना का उद्देश्य दो वर्षों की अवधि में देश में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार सृजित करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करना है।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल चलाया जा रहा है, जो निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों की सूचना, ऑनलाइन और ऑफलाइन जॉब फेयर, नौकरी की खोज और मिलान, कैरियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रम, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि सहित कैरियर संबंधी सेवाएं प्रदान करने वाला एक ही स्थान पर उपलब्ध समाधान है। यह पोर्टल एक डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से उपलब्ध है।

*****

अनुबंध ।

तालिका: प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के लिए 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य स्थिति (पीएस+एसएस) में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर), श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) और बेरोजगारी दर (यूआर) (प्रतिशत में) का अनुमान पीएलएफएस 2025

राज्य /संघ राज्य क्षेत्र	एलएफपीआर	डब्ल्यूपीआर	यूआर
आंध्र प्रदेश	60.9	58.3	4.2
अरुणाचल प्रदेश	71.3	66.6	6.6
असम	61.9	59.6	3.7
बिहार	49.3	47.4	3.8
छत्तीसगढ	71.6	70.0	2.3
दिल्ली	44.2	41.6	5.9
गोवा	51.2	46.9	8.3
गुजरात	65.2	64.6	0.9
हरियाणा	50.4	48.1	4.5
हिमाचल प्रदेश	73.2	69.9	4.5
झारखंड	59.8	58.2	2.7
कर्नाटक	59.4	58.0	2.3
केरल	57.4	54.9	4.4
मध्य प्रदेश	65.1	64.1	1.5
महाराष्ट्र	59.5	58.0	2.4
मणिपुर	63.1	59.8	5.2
मेघालय	72.3	68.9	4.8
मिजोरम	53.9	52.6	2.4
नागालैंड	72.1	67.3	6.7
ओडिशा	63.2	61.3	2.9
पंजाब	55.2	52.3	5.3
राजस्थान	64.5	61.7	4.3
सिक्किम	74.7	72.3	3.2
तमिलनाडु	62.3	60.1	3.4
तेलंगाना	61.4	58.3	5.0
त्रिपुरा	62.1	60.4	2.7
उत्तराखंड	56.3	53.4	5.1
उत्तर प्रदेश	55.2	53.7	2.7
पश्चिम बंगाल	59.1	57.4	2.8
अंडमान एवं निकोबार द्वीप	67.2	60.5	10.0
चंडीगढ़	56.1	52.9	5.7
दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	66.0	64.9	1.6
जम्मू एवं कश्मीर	64.9	61.7	4.9
लद्दाख	66.2	63.5	4.0
लक्षद्वीप	46.3	43.1	6.9
पुदुचेरी	51.8	49.0	5.4
अखिल भारतीय	**59.3**	**57.4**	**3.1**

टिप्पणी: पीएलएफएस 2025 जनवरी से दिसंबर 2025 की अवधि के संदर्भ में

अनुबंध II

तालिका: प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के लिए उद्यम प्रकार के अनुसार गैर-कृषि (एनआईसी-2008 के उद्योग प्रभाग 05-99) में लगे सामान्यतः कार्यरत (पीएस+एसएस) व्यक्तियों का प्रतिशत वितरण पीएलएफएस 2025

ग्रामीण+शहरी व्यक्ति

राज्य \ संघ राज्य क्षेत्र	उद्यम प्रकार								
	स्वामित्व और साझेदारी	सरकारी/स्थानीय निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम	स्वायत्त निकाय	प्राइवेट/निजी लिमिटेड कंपनी	सहकारी समितियाँ	ट्रस्ट/अन्य गैर-लाभकारी संस्था	नियोक्ता के परिवार	अन्य	कुल
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
आंध्र प्रदेश	71.5	14.8	0.2	9.4	0.9	0.9	1.9	0.4	100.0
अरुणाचल प्रदेश	55.2	39.3	0.0	3.4	0.0	1.0	1.0	0.2	100.0
असम	79.1	10.5	0.1	6.3	0.1	0.8	1.5	1.6	100.0
बिहार	89.1	6.9	0.0	2.0	0.0	0.2	1.5	0.2	100.0
छत्तीसगढ	76.2	14.4	0.1	6.2	0.1	0.5	1.9	0.6	100.0
दिल्ली	58.4	11.4	0.1	20.7	0.0	0.8	4.1	4.5	100.0
गोवा	59.2	13.0	0.9	22.7	0.7	0.3	2.4	0.8	100.0
गुजरात	69.6	8.1	0.1	17.1	0.8	1.5	2.0	0.7	100.0
हरियाणा	61.2	10.1	0.0	21.8	0.8	2.0	1.6	2.3	100.0
हिमाचल प्रदेश	59.4	24.9	0.7	11.1	1.3	0.9	0.5	1.2	100.0
झारखंड	85.0	6.6	0.1	6.7	0.1	0.3	0.8	0.3	100.0
कर्नाटक	64.2	9.7	0.1	19.8	0.7	2.4	2.7	0.4	100.0
केरल	67.9	12.1	0.3	11.0	1.3	4.2	2.9	0.4	100.0
मध्य प्रदेश	79.5	10.3	0.2	6.7	0.1	1.9	1.3	0.1	100.0
महाराष्ट्र	59.6	9.5	0.5	24.3	0.9	1.2	3.1	1.0	100.0
मणिपुर	76.8	17.8	0.2	2.8	0.0	0.8	1.5	0.1	100.0

मेघालय	55.9	19.3	0.0	1.1	0.0	3.6	1.9	18.1	100.0
मिजोरम	60.8	37.1	0.0	1.8	0.0	0.0	0.0	0.3	100.0
नागालैंड	37.5	32.2	1.2	8.0	0.0	4.8	0.5	15.8	100.0
ओडिशा	79.2	10.4	0.4	7.4	0.2	0.7	1.2	0.6	100.0
पंजाब	75.0	10.7	0.1	8.7	0.1	1.6	3.1	0.7	100.0
राजस्थान	75.9	11.6	0.1	8.2	0.2	1.6	1.2	1.2	100.0
सिक्किम	42.6	42.7	0.0	13.0	0.0	0.1	1.5	0.1	100.0
तमिलनाडु	63.0	14.5	0.5	17.6	0.1	1.8	2.0	0.5	100.0
तेलंगाना	69.8	11.4	0.1	13.8	0.5	0.6	3.1	0.6	100.0
त्रिपुरा	64.1	25.7	0.6	2.6	0.1	0.1	4.5	2.3	100.0
उत्तराखंड	63.3	13.5	0.1	12.6	0.7	1.3	3.3	5.2	100.0
उत्तर प्रदेश	85.2	7.1	0.1	5.0	0.1	0.7	0.8	1.0	100.0
पश्चिम बंगाल	78.5	7.2	0.1	8.3	0.0	0.6	4.9	0.4	100.0
अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	68.5	25.9	0.5	0.6	0.3	0.4	0.5	3.3	100.0
चंडीगढ़	53.0	16.8	0.0	17.1	0.0	3.5	9.6	0.0	100.0
दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	32.9	3.7	0.0	62.1	0.0	0.9	0.1	0.2	100.0
जम्मू एवं कश्मीर	76.1	17.2	0.2	4.4	0.0	0.7	0.7	0.7	100.0
लद्दाख	66.1	30.7	0.0	2.3	0.4	0.4	0.0	0.1	100.0
लक्षद्वीप	67.1	27.9	0.4	0.0	0.6	4.0	0.0	0.0	100.0
पुदुचेरी	47.3	13.3	0.4	25.0	0.5	1.2	3.6	8.7	100.0
अखिल भारत	**73.1**	**10.3**	**0.2**	**11.7**	**0.4**	**1.3**	**2.2**	**0.9**	**100.0**

अनुबंध III

तालिका: सीडब्ल्यूएस में नियमित वेतन/सवेतन रोजगार से पिछले कैलेंडर माह के दौरान औसत मजदूरी/वेतन आय (रु. 0.00), सीडब्ल्यूएस में सार्वजनिक कार्यों के अतिरिक्त आकस्मिक श्रम कार्य से प्रति दिन औसत वेतन आय (रु. 0.00) और सीडब्ल्यूएस में स्व-रोजगार व्यक्तियों के बीच स्व-रोजगार से पिछले 30 दिनों के दौरान औसत सकल आय (रु. 0.00) पीएलएफएस 2025

राज्य \ संघ राज्य क्षेत्र	सीडब्ल्यूएस में नियमित वेतन/सवेतन कर्मियों के बीच पिछले कैलेंडर माह के दौरान नियमित वेतन/सवेतन रोजगार से प्राप्त औसत मजदूरी/ वेतन आय (रु. 0.00)	सीडब्ल्यूएस में सार्वजनिक कार्यों के अतिरिक्त आकस्मिक श्रम कार्य से प्राप्त औसत मजदूरी आय (रु. 0.00)	सीडब्ल्यूएस में स्वरोजगार प्राप्त व्यक्तियों में से पिछले 30 दिनों के दौरान स्वरोजगार से प्राप्त औसत सकल आय (रु. 0.00)
आंध्र प्रदेश	22,511	514	15,910
अरुणाचल प्रदेश	31,025	353	14,352
असम	18,816	467	10,930
बिहार	20,135	442	13,256
छत्तीसगढ	17,662	303	12,264
दिल्ली	30,651	669	34,635
गोवा	28,859	822	39,622
गुजरात	20,171	382	16,959
हरियाणा	26,784	551	21,393
हिमाचल प्रदेश	24,255	558	11,977
झारखंड	22,839	396	11,846
कर्नाटक	26,266	496	19,005
केरल	25,443	924	17,964
मध्य प्रदेश	20,548	379	14,766
महाराष्ट्र	27,169	385	22,140
मणिपुर	29,784	523	12,448

मेघालय	20,653	434	12,623
मिजोरम	37,169	621	22,398
नागालैंड	31,090	546	7,686
ओडिशा	19,459	368	9,811
पंजाब	16,467	490	19,927
राजस्थान	23,081	480	13,453
सिक्किम	23,585	591	12,794
तमिलनाडु	23,798	590	17,306
तेलंगाना	27,052	514	18,897
त्रिपुरा	17,866	483	12,340
उत्तराखंड	19,609	497	14,382
उत्तर प्रदेश	18,426	434	11,879
पश्चिम बंगाल	16,618	374	10,590
अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	30,531	646	30,778
चंडीगढ़	29,211	653	29,679
दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	18,490	444	16,008
जम्मू एवं कश्मीर	26,568	580	11,597
लद्दाख	42,060	751	14,624
लक्षद्वीप	32,602	968	17,931
पुदुचेरी	27,786	708	28,664
अखिल भारत	**22,699**	**453**	**14,861**

अनुबंध IV

तालिका: प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के लिए सामान्य स्थिति (पीएस+एसएस) के अनुसार बेरोजगारी दर (यूआर) (प्रतिशत में) पीएलएफएस 2025

आयु वर्ग: 15-29 वर्ष

राज्य \ संघ राज्य क्षेत्र	15-29 वर्ष की आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य स्थिति में बेरोजगारी दर
आंध्र प्रदेश	16.2
अरुणाचल प्रदेश	19.9
असम	12.6
बिहार	12.1
छत्तीसगढ	6.1
दिल्ली	14.4
गोवा	14.8
गुजरात	2.5
हरियाणा	11.8
हिमाचल प्रदेश	19.8
झारखंड	8.2
कर्नाटक	8.6
केरल	18.2
मध्य प्रदेश	4.2
महाराष्ट्र	7.7
मणिपुर	22.9
मेघालय	12.2
मिजोरम	14.5
नागालैंड	17.5
ओडिशा	10.6
पंजाब	17.0
राजस्थान	12.3
सिक्किम	10.0
तमिलनाडु	14.1
तेलंगाना	18.1
त्रिपुरा	11.3
उत्तराखंड	13.9
उत्तर प्रदेश	7.7
पश्चिम बंगाल	10.6
अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	31.2
चंडीगढ़	10.7
दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	4.2
जम्मू एवं कश्मीर	14.1
लद्दाख	18.7
लक्षद्वीप	26.3
पुदुचेरी	19.1
अखिल भारत	**9.9**

अनुबंध V

तालिका (6): प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के लिए विभिन्न उच्चतम स्तर की शिक्षा सफलतापूर्वक प्राप्त कर चुके 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य स्थिति (पीएस+एसएस) के अनुसार बेरोजगारी दर (यूआर) (प्रतिशत में) पीएलएफएस 2025

राज्य \ संघ राज्य क्षेत्र	उच्चतम स्तर की शिक्षा सफलतापूर्वक पूरी की।									
	साक्षर नहीं	साक्षर और प्राथमिक स्तर तक	मीडिल	माध्यमिक	उच्चतर माध्यमिक	डिप्लोमा/प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम	स्नातक	स्नातकोत्तर और उससे ऊपर	माध्यमिक और उससे ऊपर	सभी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)
आंध्र प्रदेश	0.1	0.3	1.2	2.1	5.3	10.4	21.6	15.1	10.5	4.2
अरुणाचल प्रदेश	0.0	0.0	3.9	4.6	8.0	5.4	27.4	37.8	16.7	6.6
असम	0.0	0.8	3.6	3.8	7.1	17.8	13.0	13.1	8.1	3.7
बिहार	0.5	1.4	2.9	2.7	4.4	25.6	18.1	10.7	8.8	3.8
छत्तीसगढ	0.2	0.8	1.1	1.7	2.9	12.1	9.5	12.6	5.3	2.3
दिल्ली	3.3	4.8	4.4	4.3	7.1	0.0	9.0	5.6	6.9	5.9
गोवा	0.0	6.4	4.8	2.7	16.9	0.7	8.1	15.9	10.3	8.3
गुजरात	0.2	0.2	0.7	0.5	1.2	1.7	3.7	3.0	1.8	0.9
हरियाणा	0.5	1.3	2.7	3.4	5.5	6.1	10.3	9.6	6.8	4.5
हिमाचल प्रदेश	0.0	0.2	1.6	1.2	4.6	17.5	12.1	11.0	7.2	4.5
झारखंड	0.0	0.3	1.5	2.1	4.9	9.1	13.8	13.1	6.6	2.7
कर्नाटक	0.1	0.3	1.5	1.5	3.4	4.6	7.9	6.0	4.3	2.3
केरल	0.0	0.3	0.5	2.1	7.4	5.0	13.1	11.0	7.3	4.4
मध्य प्रदेश	0.1	0.3	1.4	1.2	2.4	4.8	6.1	5.8	3.7	1.5
महाराष्ट्र	0.8	0.4	0.8	1.1	3.0	5.4	6.8	5.6	4.1	2.4

मणिपुर	0.0	0.2	0.9	1.2	6.8	19.7	14.0	9.7	8.2	5.2
मेघालय	0.0	0.7	4.4	8.7	10.1	0.0	16.9	28.8	13.6	4.8
मिजोरम	0.0	0.0	0.6	0.8	0.6	0.0	6.2	13.1	3.8	2.4
नागालैंड	0.0	0.0	3.2	5.3	10.8	29.1	26.1	21.3	16.9	6.7
ओडिशा	0.1	0.5	1.2	3.1	5.4	10.6	16.0	11.0	8.1	2.9
पंजाब	0.8	1.0	2.6	2.8	13.8	8.9	11.6	9.4	9.3	5.3
राजस्थान	0.3	0.5	1.3	2.2	4.6	13.9	18.2	20.3	11.2	4.3
सिक्किम	0.0	0.1	3.8	3.2	6.0	6.8	7.1	6.3	5.8	3.2
तमिलनाडु	0.1	0.3	1.3	2.6	3.1	5.7	11.2	7.6	6.6	3.4
तेलंगाना	0.2	0.8	1.9	2.7	6.1	14.3	17.6	15.2	9.7	5.0
त्रिपुरा	0.0	0.1	3.2	3.1	3.4	37.3	8.2	15.9	6.6	2.7
उत्तराखंड	0.7	3.0	4.2	3.1	7.9	6.9	7.8	13.5	7.4	5.1
उत्तर प्रदेश	0.3	1.2	1.6	1.7	4.2	9.4	8.1	9.9	5.3	2.7
पश्चिम बंगाल	0.2	0.6	2.2	2.8	6.4	11.6	11.4	6.3	6.8	2.8
अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	0.0	1.5	1.8	8.5	26.1	9.7	21.1	36.6	18.8	10.0
चंडीगढ़	4.1	3.0	1.8	4.4	10.3	0.0	5.4	14.1	7.5	5.7
दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	0.0	0.0	1.9	0.8	0.6	3.3	7.2	6.7	2.6	1.6
जम्मू एवं कश्मीर	0.1	0.8	0.9	2.1	7.0	10.4	20.9	23.0	11.2	4.9
लद्दाख	0.0	0.0	0.1	0.4	1.7	0.0	16.5	35.9	9.5	4.0
लक्षद्वीप	0.0	0.0	5.9	0.0	10.1	12.1	22.6	2.9	8.2	6.9
पुदुचेरी	0.0	0.0	0.0	1.4	2.5	13.1	13.1	7.2	8.4	5.4
अखिल भारत	**0.3**	**0.6**	**1.6**	**2.1**	**4.7**	**6.9**	**11.2**	**10.0**	**6.5**	**3.1**

*****